e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, सोमवार, 29 जून 2020, आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष नवमी, संवत् 2076 विक्रमी

वर्ष-13, अंक-254, पृष्ठ-8, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

website : www.dnahindi.com

डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

तापमान

अधिकतम	32.00	
न्यूनतम	27.00	
	डिग्री सेल्सियस में	
सूर्योदय	05:15 बजे	
सूर्यास्त	07:04 बजे	

राशन वितरण में 30 जून तक पोर्टबिलिटी का मिलेगा लाभ

लखनऊ। प्रदेश के राशन कार्ड धारक 30 जून तक पोर्टबिलिटी का लाभ ले सकेंगे। यह जानकारी खाद्य विभाग के अपर आयुक्त सुनील कुमार वर्मा ने दी है। बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतिम चक्र तथा आत्मनिर्भर भारत के दूसरे चक्र का वितरण किया जा रहा है। 30 तारीख तक लाभार्थी अपनी दुकान के अलावा अन्य दुकान से पोर्टबिलिटी के माध्यम से राशन ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत अब तक 3.18 करोड़ परिवारों के 13.33 करोड़ लोगों को 6.66 लाख एम टी चावल एवं 31479 एमटी चना वितरित किया जा चुका है। आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत अब तक 1.75 लाख प्रवासी परिवारों के 3.99 लाख लोगों को राशन दिया जा चुका है।

वसंती पार्क में किया गया पौधरोपण, किया जागरुक

लखनऊ। रविवार को सुबह वसंती पार्क में विराम खंड 5, जनकल्याण समिति और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज द्वारा एक पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। जिसमे आरएस मिश्रा सचिव जनकल्याण समिति, डॉ. भरत राज सिंह सलाहकार पर्यावरण व महानिदेशक, गोरख प्रसाद निषाद भूतपूर्व मंत्री भाजपा, उमेश चंद तिवारी आईएएस सेवानिवृत्त और ईएसबीएल मेहरोत्रा आदि ने प्रकृति की सुरक्षा के लिए पौधरोपण कार्यक्रम को गति देने की बात कही। कॉलोनी व आस-पास के इलाके में पेड़ लगाने के लिए एक अभियान शुरू किया। नागरिकों ने अपनी शरीर की प्रतिरक्षा बढ़ाने और कोरोना पेंडिकम को हराने के लिए मास्क का उपयोग और 6 फीट की दूरी बनाने की शपथ भी ली ।